**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 14 नवम्बर, 2025 :-**

(1) माननीय केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम ने आज राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के जनजातीय कल्याण एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में आयोजित 'नक्षत्र' – स्कॉलर बैज समारोह-2025 में विद्यार्थियों को ''बाल दिवस' की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डी.पी.एस., बोकारो आज न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने IIT-JEE में ऑल इंडिया टॉप 5 में से 3 स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इसी प्रकार, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिज़ाइन की परीक्षा में विद्यालय के एक छात्र ने देश में प्रथम स्थान अर्जित कर संस्थान की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 में अपनी

40 वर्षों की सफल यात्रा पूर्ण कर यह संस्थान शिक्षा, संस्कृति और प्रगति का और भी उज्ज्वल प्रतीक बनेगा।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों, जनजातीय गौरव और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से संपन्न है, परंतु राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की क्षमता इसकी युवा शक्ति में निहित है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, विज्ञान, उद्यमिता, सेवा और नैतिक नेतृत्व के माध्यम से झारखंड तथा राष्ट्र के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा भोजन, वस्त्र और आवास के बाद मनुष्य की चौथी मूल आवश्यकता बन चुकी है। शिक्षा न केवल सही विचार और निर्णय क्षमता प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक बुराइयों से बचने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है।

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "परीक्षा पे चर्चा" यही प्रेरणा देती है की परीक्षा को तनाव नहीं, बल्कि उत्सव की तरह लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ प्रत्येक बच्चा सुरक्षित, सम्मानित और समर्थ महसूस करे, ताकि वह बिना भय के अपने सपनों की उड़ान भर सके।

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन की वास्तविक सफलता केवल अंकों में नहीं आँकी जाती। प्रत्येक चुनौती एक नया अवसर लेकर आती है और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, धैर्य और साहस के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होना चाहिए।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्रीमती वंदना दादेल, प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड सरकार ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को दिनांक 15 नवम्बर, 2025 को मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित झारखण्ड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मिलित होने हेतु औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट की।

---